भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS/GRIH MANTRALAYA
बिहार के जनगणना निदेशक का कार्यालय
OFFICE OF THE DIRECTOR OF CENSUS OPERATIONS, BIHAR
बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800 004
Bihar State Co-Operative Bank Bhawan, Ashok Raj Path, Patna-800 004
Phone No. 0612-2675929, 2675672, Fax-0612-2675049 Email dco-bih.rgi@censusindia.gov.in

पत्रांक डी.15017/1/2010–1713 दिनांक– 08.8.2012

निविदा आमंत्रित

बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना स्थित जनगणना निदेशालय के सभी कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी एवं सेवानिवृत अधिकारियों के उपयोगार्थ कार्यालय परिचय/पहचान पत्र हरा फीता (With Office Name) के साथ (नमूना के साथ) बनाए जाने हेतु मुहरबंद निविदा एक वर्ष हेतु आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य की स्वीकृति तिथि से एक वर्ष के लिए एवं अधिकतम तीन वर्ष तक बढाई जा सकती है ।

कार्य का विवरण

1) परिचय/पहचान पत्र कार्ड (9.5/6.5 से.मी.) (Plastic Card with cover and office named ribon) जिस पर कार्यालय का नाम, पता, दूरभाष संख्या एवं अन्य विवरण दर्ज करने हेतु पर्याप्त जगह होने के संबंध में।
2) अधिकारी/कर्मचारी का पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो खिंचने का कार्य।
3) परिचय/पहचान पत्र के लिए कार्यालय द्वारा उपलब्ध फार्मेट के अनुसार खाली स्थान पर प्रत्येक पदाधिकारी/कर्मचारी द्वारा विवरण भरे जाने के उपरान्त कार्ड पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में टाईप करने का कार्य।
4) उपर्युक्त कार्य के उपरांत परिचय पत्र कार्ड पर कर्मचारी/अधिकारी के हस्ताक्षर के उपरांत परिचय पत्र तैयार करना होगा।

उपरोक्त कार्य के लिए अपने प्रतिष्ठान के लेटर पैड पर प्रत्येक कार्ड के लिए कुल कार्य का दर दर्शाते हुए पत्र प्राप्ति के उपरांत मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 16.8.2012 के अपराह्न 3.00 बजे तक टेंडर बॉक्स में डाला जा सकता है अथवा कुरियर/डाक के माध्यम से दिनांक 16.8.2012 के अपराह्न 3.00 बजे तक प्राप्त किया जायेगा। प्राप्त मुहरबंद निविदा दिनांक 16.8.2012 को ही 4.00 बजे अपराह्न को निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता अथवा प्राधिकृत प्रतिनिधि निविदा खुलते समय उपस्थित हो सकते हैं। निविदा निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत स्वीकार नहीं की जाएगी।

सामान्य शर्तें:–

1) निविदादाता फर्म संबंधित कार्यालय द्वारा निबंधित होना चाहिए ।
2) फर्म की काली सूची में दर्ज नहीं होने की सूचना निविदादाता द्वारा लेटर हेड पर लिख कर देना होगा।
3) इस क्षेत्र में सरकारी/अर्धसरकारी कार्यालय में कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करना होगा। निविदादाता अपने प्रतिष्ठान का बी.एस.टी./सी.एस.टी./वैट नम्बर लेटर पैड पर अंकित करेंगें।
4) नियमानुसार टी0डी0एस0 की कटौती की जाएगी।

निविदा पूर्णतः या अंशतः रद्द करने का अधिकार इस निदेशालय के पास सुरक्षित है।

निविदादाता को निविदा पत्र प्रस्तुत करने के समय लिफाफा के उपर मोटे–मोटे अक्षर में **'परिचय पत्र बनाने हेतु निविदा'** लिखा जाना अनिवार्य है।

8/8/12

(धीरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (का0 अ0)

1. ORGI Website
2. Notice Board
3. निविदा समिति के सभी सदस्य
4. श्री भास्कर मिश्रा, उप महारजिस्ट्रार (जीवनांक), भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।